भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3343

12 मार्च 2026, को उत्तर दिए जाने के लिए

बेंगलुरु मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्तीय सहायता

† 3343. श्री पी. सी. मोहनः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बेंगलुरु मेट्रो रेल परियोजना के विभिन्न चरणों के लिए कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्ध वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है और अब तक प्रदान की गई नकद सहायता का प्रतिशत कितना है;

(ख) क्या राज्य सरकार इस परियोजना के लिए कोई "अप्रत्यक्ष नकद सहायता" या अप्रत्यक्ष वित्तीय गारंटी प्रदान कर रही है या प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मेट्रो रेल परियोजनाओं की वित्तीय संरचना और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अंतर्गत राज्य सरकार से ऐसी नकद सहायता या अप्रत्यक्ष सहायता अनिवार्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा बेंगलुरु मेट्रो परियोजना के लिए अब तक चरण-वार कुल कितनी वित्तीय सहायता, साम्या अंशदान और अन्य सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने सूचित किया है कि कर्नाटक सरकार (जीओके) ने बैंगलोर मेट्रो के विभिन्न चरणों के लिए 31,534 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो कुल लागत का 41.73% है।

(ख) और (ग) भारत सरकार, कर्नाटक राज्य सरकार और बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, परिचालन चरण के दौरान किसी भी प्रकार की नकदी हानि की भरपाई बीएमआरसीएल द्वारा न किए जा सकने की स्थिति में कर्नाटक राज्य सरकार को करनी होगी। बीएमआरसीएल ने सूचित किया है कि 05.03.2026 तक, कर्नाटक सरकार ने ऋण पुनर्भुगतान और नकदी हानि प्रतिपूर्ति के संबंध में बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना को 5,066.65 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की है।

(घ) कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजनाओं के निर्माण के लिए 05.03.2026 तक जारी की गई निधियों का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

बैंगलुरु मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनाँक 12.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत श्री पी.सी. मोहन के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3343 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनाँक 05.03.2026 तक कर्नाटक सरकार द्वारा बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए जारी की गई निधियों का चरण-वार विवरण

(करोड़ रुपए में)

विवरण	**चरण-1**	**चरण-2**	**चरण-2ए और 2बी**	**चरण-3**	**कुल**
इक्विटी	1,983.26	3,868.35	1,617.25	650.00	8,118.86
अधीनस्थ ऋण	3,516.76	7,714.73	4,466.75	1,097.06	16,795.30
राज्य करों की प्रतिपूर्ति	627.86	1,642.30	0.00	0.00	2,270.16
कुल	6,127.88	13,225.38	6,084.00	1,747.06	27,184.32